म0प्र0कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल

'चयन भवन' मुख्य मार्ग क्रं.1, चिनार पार्क(पूर्व), भोपाल (म.प्र.) – 462011
टेलीफोन नं. : (0755) 2578801-02 फैक्स नं. : 0755-2550498
वेबसाईट : www.esb.mp.gov.in

परीक्षा–परिणाम

प्री–एग्रीकल्चर टेस्ट
(P.A.T.)–2023

बी.एससी.(कृषि), बी.एससी.(उद्यानिकी),
बी.एससी.(वानिकी) एवं बी.टेक.(कृषि अभियांत्रिकी)
पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु

ऑनलाईन परीक्षा तिथि	:	12 जुलाई, 2023
परीक्षा परिणाम तिथि	:	03 अक्टूबर 2023

परीक्षा परिणाम से संबंधित जानकारी मण्डल की वेबसाईट www.esb.mp.gov.in पर उपलब्ध है।

कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल

प्री–एग्रीकल्चर टेस्ट (PAT)–2023 का परीक्षा परिणाम

कर्मचारी चयन मण्डल द्वारा दिनांक 12.07.2023 को मध्यप्रदेश के 09 परीक्षा शहरों में प्री–एग्रीकल्चर टेस्ट (PAT)–2023 (ऑनलाईन) का आयोजन किया गया था। इस परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थियों की प्रमुख जानकारी एवं परीक्षा परिणाम के प्रमुख बिन्दु निम्नानुसार है :–

1. इस परीक्षा के माध्यम से मध्यप्रदेश शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के अंतर्गत कृषि विश्वविद्यालयों में बी.एससी.(कृषि), बी.एससी.(उद्यानिकी), बी.एससी.(वानिकी) एवं बी.टेक.(कृषि अभियांत्रिकी) पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में प्रवेश दिया जायेगा।

2. इस परीक्षा के लिए **17123** आवेदकों को प्रवेश पत्र जारी किये गये, जिनमें से **13243** अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए।

3. इस परीक्षा में प्रावीण्य सूची में प्रथम दस स्थान पाने वाले अभ्यर्थियों की जानकारी परिशिष्ट–1 में संलग्न है।

3. परीक्षा उपरांत मण्डल द्वारा आदर्श उत्तर कुंजी वेबसाईट पर अपलोड किये जाकर अभ्यर्थियों से अभ्यावेदन आमंत्रित किये गये थे, जिसमें प्राप्त अभ्यावेदन अनुसार कुंजी समिति के निर्णय उपरांत प्राप्तांकों के आधार पर परीक्षा परिणाम तैयार किया गया है।

4. ऑनलाईन आवेदन–पत्र में अभ्यर्थियों द्वारा दी गई जानकारियों के आधार पर नियमपुस्तिका में दिए गए प्रावधान अनुसार परीक्षा परिणाम तैयार किया गया है, जिसमें श्रेणीवार (अनारक्षित, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं ई.डब्ल्यू.एस.) एकीकृत प्रावीण्य सूचियाँ तैयार की गई है। नियमपुस्तिका में दिए गए विवरण अनुसार समान अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों की आपसी सहवरीयता निर्धारित की गई है।

5. यह परीक्षा परिणाम अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन–पत्र में दी गई जानकारी के आधार पर तैयार किया गया है। अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन–पत्र में दी गई समस्त जानकारियों तथा अभ्यर्थियों के समस्त मूल दस्तावेजों का सत्यापन/परीक्षण प्रवेश के पूर्व संबंधित विश्वविद्यालय/काउंसलिंग समिति द्वारा किया जायेगा, तदोपरांत ही प्रवेश संबंधी कार्यवाही की जायेगी।

6. प्रवेश नियम के अनुसार अभ्यर्थियों को काउंसलिंग प्रक्रिया के माध्यम से पात्रता अनुसार प्रवेश दिया जायेगा। काउंसलिंग के कार्यक्रम की जानकारी संबंधित संस्था द्वारा उपलब्ध कराई जायेगी।

7. परीक्षा परिणाम जारी होने के उपरांत यदि कोई तकनीकी त्रुटि संज्ञान में आती है, तो परिणाम में सुधार करने का अधिकार मण्डल के पास सुरक्षित रहेगा।

8. परीक्षा परिणाम कर्मचारी चयन मण्डल की वेबसाईट www.esb.mp.gov.in पर प्रदर्शित किया गया हैं। इस वेबसाईट से अभ्यर्थी अपना परीक्षा परिणाम डाउनलोड/मुद्रित कर सकते हैं।

भोपाल
दिनांक : 03 अक्टूबर 2023

03/10/2023

03/10/23

नियंत्रक
कर्मचारी चयन मण्डल
भोपाल

03/10/23

03/10/23